तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

10 जैन महिला मंडल की नविता अध्यक्ष मनोनीत

11 रामनामी महासभा में राम-राम भजन की गूंज





# भाटापारा की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी को है अब गहरीकरण की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भू- जल स्तर एवं अन्य कार्यों जैसे पीने का पानी जैसी आवश्यकताओं के लिए एनीकट बनाया जाता है, जिससे पानी को संरक्षित किया जा सके। बारिश के मौसम को छोड़ बाकी ठंड और गर्मी मे संरक्षित किये गये जल का उपयोग आम जनमानस के लिए किया जा सके और इसके लिए शासन करोड़ों खर्च कर एनीकट का बनाया जाता है। यहां से 7 किमी दूर सेमरियाघाट शिवनाथ नदी पर बना एनीकट जो कि बलौदाबाजार भाटापारा जिले से बेमेतरा जिला के नांदघाट तक करीब 8 किमी का एनीकट बना है, जो भाटापारा शहर की पेयजल व्यवस्था को 12 माह टोहडीघाट से पेयजल की आपूर्ति संचालित होती है। यह व्यवस्था सन-1957 से जारी है। हालांकि समय समय पर पानी को शहर तक लाने की व्यवस्थाओं को अप ग्रेड किया गया, क्योंकि आबादी बढ़ने के साथ-साथ पानी की खपत भी बढ़ी, किन्तु एक बात तो यहां सिद्ध है कि शिवनाथ नदी भाटापारा शहर के लिए जीवनदायिनी है।

## करोड़ों के एनीकट के साथ संरक्षण की उठने लगी मांग



### उद्योगों और क्षेत्रों के लिए जीवनरेखा बनी

वहीं दूसरी ओर अभी एनीकट के दोनों ओर नदी में पर्याप्त पानी है। कई पावर प्लांट निपनिया के इसी के भरोसे हैं, वहां पानी जाता है। इस साल बारिश के दिनों में 4 बार बाढ़ की स्थिति रही। नदी के किनारे मिट्टी का पाट बाढ़ के चलते कटाव होता है और नदी का पाट बढ़ जाता है। शिवनाथ नदी शिवरीनारायण में महानदी से जाकर मिल जाती है। शिवनाथ नदी जो कि बलौदाबाजार भाटापारा बेमेतरा एवं मुंगेली जिला को क्रास करती है। वहीं भाटापारा से करीब 12 किमी दूर मदकू द्वीप जो एक दर्शनीय स्थल है, यहां पर हाफ नदी का शिवनाथ में संगम होता है और यहां के नदी की गहराई 40 से 50 फीट की गहराई में गर्मी के दिनों में भी पानी रहता है।

### भूजल संरक्षण की बढ़ेगी क्षमता

टोहडीघाट एनीकट वाला हिस्सा जहां से शहर में पानी की आपूर्ति की जाती है। वह एरिया नदी का सबसे गहरा स्थान यहीं पर है। यहां भीषण गर्मी मई जून में भी 15-20 फीट पानी नदी के कई जगहों पर रहता है। अब यह आवश्यकता है कि एनीकट के अलावा शिवनाथ नदी को गहरा किया जाय, जिसमें से अनावश्यक पत्थर एवं अन्य वेस्ट साम्रगियों को निकाल दिया जाय, तो इसकी गहराई और अधिक हो जायेगी। इससे होगा यह कि गर्मी में भी दोनों जिलों के आसपास के क्षेत्र में 12 माह सैकडों बोर पंप गर्मी में भी रिचार्ज रहेंगे। क्योंकि एक परियोजना यह भी चल रही है, जिसमें मारो, घुरसेना, संबलपुर को इस नदी से लिफ्ट कर पानी दिये जाने का काम चल रहा है। शिवनाथ नदी के सेमरियाघा का पाट 300 मीटर चौड़ा है और यही आगे जाकर कुम्हरखान, रामपुर घाट की चौड़ाई और नदी की गहराई और बढ़ी हुई है। वहीं शिवनाथ नदी के संरक्षण और इसकी सुरक्षा को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। सभी मदों के लिए राशि की स्वीकृति होती है, तो शिवनाथ नदी के गहरीकरण के लिए भी होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### 4 वाहन चालकों पर न्यायालय ने लगाया 55 हजार का अर्थदंड

**भाटापारा।** चेकिंग अभियान के दौरान यातायात शाखा भाटापारा द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 4 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालते हुए पकड़ा पुलिस द्वारा इन सभी 4 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए, इनके वाहन विधिवत जब्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 3 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 15-150 अर्थदंड, 1 प्रकरण में 10 हजार अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार यातायात शाखा भाटापारा की संपूर्ण कार्रवाई में न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 4 वाहन चालकों को कुल 55 हजार का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### शराब के लिए पैसे नहीं देने पर भाई और भाभी से मारपीट



**सिमगा।** स्थानीय पुलिस ने पारिवारिक विवाद और मारपीट के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने शराब के नशे के लिए पैसे की मांग पूरी न होने पर अपने ही भाई और भाभी पर जानलेवा हमला किया था। थाना प्रभारी लखेश केंवट से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी त्रिलोकी साहू निवासी ग्राम लांजा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि गत 15 मार्च दोपहर 1.30 बजे उनका छोटा भाई आरोपी महेश साहू घर आया एवं मां पिताजी से शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगा। प्रार्थी द्वारा मना करने पर आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी से ही पैसे की मांग करते हुए उससे मारपीट करने लगा। इस बीच प्रार्थी की पत्नी द्वारा बीच बचाव करने पर उसके साथ भी आरोपी द्वारा अश्लील गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई, जिससे प्रार्थी एवं उसकी पत्नी को चोंटे आई हैं। इसके बाद आरोपी द्वारा प्रार्थी की मोटरसाइकिल में भी तोड़फोड़ कर दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा अपराध कायम कर धारा 191(1), 296, 351(3),115(2), 324 (2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा जांच कार्यवाही करते हुए आरोपी के संबंध में जानकारी एकत्र किया गया। घटना के पश्चात आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस द्वारा खोजबीन करते हुए फरार आरोपी महेश साहू को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा है।

## कार्रवाई : नियमों को ताक पर रखकर संचालित था कार्य

# अवैध फ्लाई ऐश ब्रिक्स प्लांट पर चला प्रशासन का डंडा, दो साल बाद टूटी खामोशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ प्रशासन ने आखिरकार सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। ग्राम हसुवा में बीते दो वर्षों से नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे आरडी फ्लाई ऐश ब्रिक्स प्लांट पर राजस्व विभाग की टीम ने छापा मारकर उसे तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया।

उल्लेखनीय है कि ग्राम हसुवा में घनी आबादी के बीच संचालित इस प्लांट के पास न तो भूमि डायवर्सन की अनुमति थी और न ही पर्यावरण विभाग की स्वीकृति। इसके बावजूद प्लांट लगातार चल रहा था, जिससे उड़ती राख और धूल ने ग्रामीणों का जीना दूभर कर दिया था। हालात इतने गंभीर हो चुके थे कि लोगों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण लंबे समय से इसकी शिकायत कर रहे थे, लेकिन कार्रवाई अब जाकर हुई। इस संबंध में तहसीलदार टुण्ड्रा युवराज कुर्रे ने कहा - शिकायत के आधार पर मौके पर पहुंचे थे, जब्ती भी किये है आगे की कार्रवाही नियमानुसार की जायेगी।





### दो लाख तैयार ईंटें प्रशासन ने किया जब्त

टुण्ड्रा तहसीलदार युवराज कुर्रे और पटवारी कृष्ण कुमार मिरी के नेतृत्व में पहुंची टीम ने मौके पर जांच की, जहां प्लांट पूरी तरह अवैध पाया गया। प्रशासन ने तुरंत मशीनें बंद कराईं और करीब दो लाख तैयार ईंटों को जब्त कर लिया।हालांकि इस कार्रवाई के बाद गांव में राहत का माहौल है, लेकिन कई सवाल अब भी खड़े हैं। आखिर दो साल तक यह अवैध प्लांट कैसे चलता रहा? और क्या प्रशासन की नजर केवल चुनिंदा मामलों तक ही सीमित है? गौरतलब है कि क्षेत्र में पंजा भट्टा जैसे अन्य अवैध ईंट भट्टे भी तेजी से पनप रहे हैं, लेकिन उन पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठना लाजिमी है।

### प्रदूषण फैलाने वाले भट्ठों पर सख्ती की जरूरत

ग्रामीणों की मांग है कि केवल एक प्लांट पर कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी न की जाए, बल्कि पूरे क्षेत्र में अवैध और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई न जा सके। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस कार्रवाई को एक मिसाल बनाता है या फिर यह भी अन्य मामलों की तरह समय के साथ ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत भटगांव अंतर्गत सोमवार को अचानक मौसम खराब हुआ और गरज चमक के साथ बारिश शुरू हुई, जिससे अलग अलग जगहों में दो लोग की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई।

सोमवार को दोपहर एक बजे अचानक मौसम खराब हुआ और बिजली गिरी, जिससे कदम चौक निवासी सेवानिवृत शिक्षक मुरारी लाल आदित्य अपने घर में काम कर रहे थे जो आकाशीय बिजली के चपेट आ गए। तुरंत मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई।





दूसरी घटना ग्राम चचरेल परसाभाड़ी की है, जहां गांव में संबोरा नाला के पास मुक्ति धाम बन रहा है, वहीं गांव का लड़का ओम प्रकाश नेताम 19 वर्ष और उसकी बहन अनीता नेताम 18 वर्ष पिता भगत राम नेताम मजदूरी कर रहे थे। अचानक मौसम बदला जिससे बिजली गिरी और मौके पर ओमप्रकाश नेताम की मौत हो गई तथा उनकी बहन अनीता नेताम घायल हो गई, जिसे निजी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। दोनों को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ भेजा गया।

# प्रशासन की टीम ने रुकवाया बाल विवाह परिवार को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश एवं में जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में जिले में बाल विवाह रोकथाम को लेकर जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम सक्रिय है। विगत दिनों संयुक्त टीम द्वारा भाटापारा एवं सिमगा विकासखंड के दो गांवों में नाबालिगों का विवाह रोका गया है।



भाटापारा विकासखंड के एक गांव में जिला प्रशासन को जैसे ही बाल विवाह की सूचना मिली, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस और चाइल्ड लाइन की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने जब दस्तावेजों की जांच की तो पाया कि लड़की की उम्र 15 साल और लड़के की उम्र 20 साल 10 माह है। यह दोनों की उम्र विवाह की कानूनी सीमा से कम थी। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में समझाया। उन्हें इससे जुड़े दंड प्रावधान और दुष्परिणामों की जानकारी दी। समझाने के बाद परिजन विवाह टालने को तैयार हो गए। इसी तरह दूसरे मामले ▶▶ शेष पेज 10 पर

# उपभोक्ता आयोग ने बीमा कम्पनी से दिलाई वाहन मरम्मत की राशि

**बलौदाबाजार।** बीमा कंपनी द्वारा दुर्घटनाग्रस्त वाहन के मरम्मत की राशि प्रदाय नहीं किये जाने के कारण उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए सर्वेयर द्वारा आंकलित वाहन की मरम्मत राशि देने के आदेश पारित किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार निवासी परिवादिनी सरिता सिंह सेंगर द्वारा अपने वाहन का बीमा द ओरिएंटल इन्सुरेन्स कंपनी बलौदाबाजार से कराया गया। वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसकी सूचना विरोधी पक्षकार को प्रदाय किया गया, परिवादिनी द्वारा वाहन मरम्मत कराकर क्षतिपूर्ति राक्षि हेतु विरोधी पक्षकार बीमा कंपनी के कार्यालय में दावा प्रस्तुत किया गया, किन्तु बीमा कंपनी द्वारा मरम्मत के खर्चे का भुगतान नहीं किया गया, जिससे परिवेदित होकर परिवादिनी द्वारा नवंबर 2025 में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों ▶▶ शेष पेज 10 पर

■ दुर्घटनाग्रस्त वाहन की राशि नहीं मिलने पर उपभोक्ता ने की शिकायत

## आटो पार्ट्स दुकान में लगी आग....



**कटगी|** ग्राम कटगी बस स्टैंड स्थित रमेश ऑटो पार्ट्स की दुकान में रविवार की रात करीब 1 से 2 बजे के बीच भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान में रखे ऑटो पार्ट्स, टायर व अन्य सामान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में पूरी दुकान धू-धू कर जलने लगी।

## मुख्य अतिथि ने मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का दिया आश्वासन

# प्रथम नियुक्ति तिथि से गणना कर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में शांति नगर रायपुर विमतारा भवन में प्रदेशभर के पदाधिकारियों का आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर विधानसभा रायपुर के विधायक आदरणीय पुरंदर मिश्रा थे। अध्यक्षता टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने की। उक्त आमसभा में प्रदेश भर से आए पदाधिकारीयों और शिक्षकों ने प्रथम नियुक्ति तिथि से एक सूत्रीय पेंशन की मांग की। मुख्य अतिथि की आसंदी से पुरंदर मिश्रा ने आश्वस्त किया कि पेंशन संबंधी इन मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने मुख्य अतिथि को मांग पत्र सौंपते हुए सेवानिवृत्त शिक्षकों की जीरो पेंशन व्यवस्था की व्यथा को साझा की। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव ने बताया कि मांग पत्र में प्रथम नियुक्ति तिथि से गणना और 20 में पूर्ण पेंशन की मांग को प्रमुखता से रखा गया है।

■ क्रमोन्नति और समयमान वेतन लागू करने पर जोर



इसके अलावा शिक्षकों की सेवा अवधि 65 वर्ष किए जाने प्रदेश भर के शिक्षकों को क्रमोन्नत और समयमान वेतन प्रदान करने, प्राचार्य व्याख्याता मीडिल स्कूल प्रधान पाठक प्राथमिक शाला प्रधान पाठक शिक्षक के पदों पर पदोन्नति करने, विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने, विभागीय डीएड-बीएड की परीक्षा आयोजित करने की मांगों पर कार्ययोजना बनाते हुए विशेष मंथन प्रदेश भर के प्रांतीय जिला ब्लाक संकुल पदाधिकारियों ने की। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित आमसभा में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष संजय, उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, डॉ. कोमल वैष्णव, बसंत चतुर्वेदी, सुधीर प्रधान, शैलेन्द्र यदु, प्रवीण श्रीवास्तव, मनोज सनाढ्य, मुकेश मुदलियार, शैलेंद्र पारीख, पुरन लाल साहू, बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष देवेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रदेश भर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# महतारी वंदन योजना से चारबाई की गृहस्थी को मिला सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य सरकार द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना आज प्रदेश की लाखों महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। इसी कड़ी में ग्राम परसाभदेर निवासी चारबाई निषाद के जीवन में इस योजना ने खुशहाली की नई किरण बिखेरी है और गृहस्थी का सहारा बनी है।



चारबाई के पति ललित निषाद पेशे से मजदूर हैं और रोज कमाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित आय और बढ़ती जरूरतों के बीच घर चलाना एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने मिलने वाली एक हजार रुपए की निश्चित राशि ने उनके परिवार को बड़ी राहत प्रदान की है। चारबाई बताती हैं कि अब उन्हें छोटे-मोटे घरेलू खर्चों और आवश्यक वस्तुओं की खरीदी के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। वह इस राशि का उपयोग सीधे अपने घरेलू कार्यों और घर की छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करने में कर रही हैं। यह योजना न केवल उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ा रही है। चारबाई ने इस सार्थक पहल के लिए सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह राशि महंगाई के दौर में एक मजबूत सहारा बनकर उभरी है, जिससे उनकी गृहस्थी गाड़ी अब पहले से अधिक सुचारू रूप से चल रही है।

# 1460 में से 29 गोधाम ही हो पाए शुरू, बार-बार टेंडर के बावजूद नहीं आ रहे गो-सेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पशुधन विकास विभाग द्वारा प्रदेश में 36 गोधाम की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनमें से 29 का पंजीयन छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग में हुआ है। प्रथम चरण में 29 गोधामों का औपचारिक शुभारंभ 14 मार्च को बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखंड के ग्राम लाखासार से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया था। योजना के तहत राज्य के निराश्रित और घुमंतू मवेशियों के लिए प्रदेश में कुल 1460 गोधाम विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें हर विकासखंड में 10 गोधाम स्थापित किए जाएंगे। प्रथम चरण में 11 जिलों में 29 गोधाम शुरू किए गए हैं। विभाग द्वारा तीन बार टेंडर जारी किया जा चुका है, फिर भी गो-सेवक इसमें रुचि नहीं दिखा रहे हैं। पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गोधाम योजना की प्रशासकीय स्वीकृति 6 अगस्त 2025 को प्रदान की गई थी। योजना का मुख्य उद्देश्य निराश्रित, घुमंतू और जब्त किए गए गोवंश पशुओं का संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करना है। गोधाम में संरक्षित पशुधन के पोषण आहार, अधोसंरचना निर्माण, चारा विकास, नस्ल सुधार, चरवाहा मानदेय एवं गो-सेवक मानदेय हेतु अनुदान राशि का प्रावधान है। गोधाम की स्वीकृति के लिए प्राथमिकता का आधार जिले की आवश्यकतानुसार कलेक्टर से प्राप्त प्रस्ताव है।

योजना के तहत उन शासकीय स्थलों का पंजीयन किया जाएगा, जहां पहले से पशुधन संरक्षण के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना उपलब्ध है। इन स्थलों का पंजीयन छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग के माध्यम से किया जाएगा। गोधामों का संचालन पंजीकृत गोशाला समितियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, एनजीओ, ट्रस्ट, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनियों और सहकारी समितियों द्वारा किया जाएगा।

**14 मार्च को मुख्यमंत्री ने किया था 11 जिलों में 29 गोधाम का शुभारंभ**

### दी जाएगी वित्तीय सहायता

राज्य सरकार द्वारा गोधामों के संचालन के लिए विभिन्न मदों में वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसके तहत गोवंश के पोषण आहार के लिए पहले वर्ष 10 रुपए प्रतिदिन प्रति पशु, दूसरे वर्ष 20 रुपए, तीसरे वर्ष 30 रुपए और चौथे वर्ष से 35 रुपए प्रतिदिन की सहायता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त अधोसंरचना निर्माण एवं मरम्मत के लिए प्रति वर्ष 5 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है। साथ ही चरवाहों को 10,916 रुपए तथा गो-सेवकों को 13,126 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा।




### हर गौधाम में 200 गोवंश रखे जाएंगे

गोधामों में चारा विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रति एकड़ 47 हजार रुपए प्रतिवर्ष की सहायता प्रदान की जाएगी। अधिकतम 5 एकड़ भूमि तक 2.35 लाख रुपए वार्षिक सहायता का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक गोधाम में लगभग 200 गोवंश को रखने की व्यवस्था निर्धारित की गई है। योजना से सड़कों और गांवों में घूमने वाले निराश्रित पशुओं की समस्या में कमी आएगी तथा गोवंश संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### जल जीवन मिशन : राज्य सरकार दे चुकी है 3000 करोड़ का अग्रिम राज्यांश

**रायपुर।** जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही राज्यांश की 3000 करोड़ रुपए की पूरी राशि अग्रिम के रूप में दे दी गई थी, जिसे उस वित्तीय वर्ष के दौरान मिशन के कार्यों के लिए व्यय किया गया था। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, नई दिल्ली द्वारा 536 करोड़ 53 लाख रुपए प्रतिपूर्ति के रूप में जारी किए गए हैं। ज्ञातव्य है कि केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ा दी है, जिसके तहत अब मिशन-2.0 के तहत काम जारी है। राज्य के ग्रामीण परिवारों को 'हर घर नल से जल' योजना के तहत पाइप के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने कार्य किए जा रहे हैं।

### निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सीएम साय ने किया पगारिया का सम्मान



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान महावीर जैन रिलीफ ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक पगारिया को उनके द्वारा दी जा रही उत्कृष्ट और निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 'जैन रत्न अलंकरण' प्रदान कर सम्मानित किया। राजधानी में हुए कार्यक्रम के दौरान विधायक राजेश मूणत भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे मानवीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के वंचित वर्ग को निशुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना अत्यंत पुनीत कार्य है। सम्मान ग्रहण करने के बाद ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक पगारिया ने अपने सेवा कार्यों का विवरण साझा करते हुए बताया कि उनके मार्गदर्शन में ट्रस्ट अब तक सेवा के कई कीर्तिमान स्थापित कर चुका है।

### सीएलपीएल में क्यूसीआई वॉरियर्स टीम बनी विजेता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा छग लीजेंड प्रीमियर लीग के दूसरे संस्करण का आयोजन 28 मार्च से किया गया। प्रतियोगिता में 40 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के 120 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आठ टीमों ने इसमें सहभागिता निभाई। एसोसिएशन के सचिव तरुणेश सिंह परिहार ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आरडीसीए मैदान में 4 अप्रैल को प्रतियोगिता के फाइनल मैच में क्यूसीआई वॉरियर्स और बिरगांव रॉयल चैलेंजर्स के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें रॉयल चैलेंजर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 159 रन बनाए, जिसमें नरेश कश्यप ने 36 और रतन भारिया ने 31 रनों का योगदान दिया। वहीं क्यूसीआई वॉरियर्स से जितेंद्र गिरी ने 3 विकेट व अनिमेष शर्मा और कलीम खान ने 2-2 विकेट झटके। क्यूसीआई ने 19.1 ओवर में 8 विकेट खोकर 160 रन बनाकर रोमांचक तरीके से 2 विकेट से मैच जीत लिया। क्यूसीआई के ओर से कासिम खान ने नाबाद 27 रन तथा कृष्णा द्विवेदी ने 25 रन बनाए। रॉयल चैलेंजर्स बिरगांव के राकेश कल्ला ने 4 विकेट चटकाए।

### प्रदेश में इस बार सीजन में डेढ़ लाख से ज्यादा बिकने की अनुमान

# युद्ध की आग में एसी भी गर्म, रेट में 20 फीसदी तक इजाफा, फिर भी डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एसी के दामों पर भी युद्ध की आग का असर दिख रहा है। धीरे-धीरे करके दाम में 20 फीसदी तक का इजाफा हो गया है। इसके बाद भी गर्मी ज्यादा होने से डिमांड कम नहीं हुई है। प्रदेश में रोज डेढ़ से दो हजार एसी बिक रहे हैं। फरवरी के अंत से लेकर अब तक 60 हजार से ज्यादा बिक चुके हैं। गर्मी के इस सीजन में डेढ़ लाख से ज्यादा एसी बिकने का अनुमान है। एसी की डिमांड गांवों से भी ज्यादा आ रही है। कुल मिलाकर सात सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार एसी का हो जाएगा।

- सवा माह में 60 हजार से ज्यादा बिके

हरिभूमि सरोकार

एयर कंडीशनर यानी एसी भी अब खास से आम गया है। एक समय था, जब इसकी डिमांड बड़े शहरों और अमीरों के घरों के लिए होती थी, लेकिन अब एसी की डिमांड बड़े शहरों से हटकर गांवों और छोटे शहरों में भी बढ़ गई है। अब मध्यम वर्ग के घरों में भी एसी एक से ज्यादा लग रहे हैं। यही वजह है कि बीते तीन साल से हर साल 20 से 25 फीसदी कारोबार में इजाफा हो रहा है। इस बार भी कारोबार में 20 से 25 फीसदी तक का इजाफा होने की पूरी संभावना है।





### तीन साल में कारोबार डबल

एसी का कारोबार बड़ा होता है। ब्रांडेड एसी 30 हजार से एक लाख तक के आते हैं। पहले एसी कम बिकते थे, लेकिन बीते तीन सालों से एसी की डिमांड बढ़ गई है। हर साल 15 से 20 हजार एसी ज्यादा बिक रहे हैं। तीन साल पहले प्रदेश में 50 हजार के आस-पास ही एसी बिकते थे, लेकिन जहां 2023 में 65 हजार के आस-पास एसी बिके, वहीं 2024 में 80 हजार बिके हैं। बीते साल सवा लाख एसी बिके हैं। ऐसे में बीते साल 45 हजार एसी ज्यादा बिके। यानी कारोबार में 50 फीसदी का इजाफा हो गया। इस बार डेढ़ लाख से ज्यादा ऐसी बिकने की संभावना है। इसका आगाज भी हो गया है। फरवरी के अंतिम सप्ताह से एसी बिकने का क्रम प्रारंभ हुआ है। मार्च के पूरे माह और अप्रैल के पहले सप्ताह को मिलाकर 60 हजार से ज्यादा एसी बिक गए हैं। अब अप्रैल और मई में एक लाख से ज्यादा एसी बिकने की संभावना है।

### दाम बढ़े फिर भी अच्छी डिमांड

युद्ध की वजह से रॉ मटेरियल के कारण एसी के दाम बढ़े हैं, लेकिन इसके बाद भी डिमांड कम नहीं हो रही है। इस सीजन में प्रदेश में डेढ़ लाख एसी बिकने की संभावना है।

**राजेश वासवानी,** एसी कारोबारी

### 700 करोड़ का होगा कारोबार

कम और ज्यादा कीमत को देखते हुए एक एसी की औसत कीमत अगर 45 हजार मान लें तो इस सीजन में करीब सात सौ करोड़ का कारोबार हो जाएगा। इस बार तो कीमत में 20 फीसदी का इजाफा भी हो गया है। वैसे बीते साल सितंबर में जीएसटी को एसी पर 28 फीसदी के स्थान पर 18 फीसदी कर दिया गया है। ऐसे में सीजन से पहले 40 हजार का एसी चार हजार रुपए कम में बिक रहा था, लेकिन अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण रॉ मटेरियल और एसी के उपयोग में आने वाले गैस के दाम बढ़ने के कारण एसी की कीमत अप्रैल की स्थिति में 20 फीसदी तक बढ़ गई है। पहले दाम 8 फीसदी तक बढ़े थे, अप्रैल से दाम में 12 फीसदी का और इजाफा कर दिया गया है। इसके दाम में और इजाफा हो सकता है।

### तालाब गहरीकरण व सफाई से बढ़ेगा ग्राम चकवे में जल स्तर



**खरोरा।** ग्राम पंचायत चकवे में मनरेगा के अंतर्गत तालाब के गहरीकरण एवं साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य छत्तीसगढ़ शासन की नियमावली के अनुसार सरपंच, उपसरपंच, रोजगार सहायक एवं पंचायत पदाधिकारियों की उपस्थिति में निर्धारित मापदंडों के तहत संपन्न हो रहा है। इस कार्य में लगभग 150 मजदूर कार्यरत हैं और इसकी स्वीकृत राशि करीब 8 लाख है। ग्राम पंचायत की रोजगार सहायक सत्यवती मंडले ने बताया कि तालाब की सफाई और सौंदर्यीकरण न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक है, बल्कि यह सामुदायिक स्वास्थ्य और जल संरक्षण के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि तालाबों में जमा कीचड़, शैवाल, प्लास्टिक कचरा एवं मृत वनस्पतियों के अवशेष पानी को दूषित करते हैं, जिससे जलीय जीवन को खतरा होता है। इसी कारण तालाब की व्यापक स्तर पर सफाई एवं गहरीकरण किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के युवा समाजसेवी एवं प्रगतिशील किसान अनुराधा सेतराम साहू ने कहा कि तालाब के गहरीकरण से भूजल स्तर में वृद्धि होगी। गहरे तालाब वर्षा जल को अधिक समय तक संचित कर पाते हैं, जिससे आसपास के नलकूपों और कुओं में पानी की उपलब्धता बढ़ती है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए स्वच्छ जल मिलेगा तथा पशुओं को भी सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होगा।इस अवसर पर ग्राम पंचायत की सरपंच हजारु निषाद, उपसरपंच अनिल चेलक, सचिव कुलेश्वर देवदास, रोजगार सहायक सत्यवती मंडले सहित श्रमिक पंचू बघेल, हरिश्चंद्र निषाद, बाबूराम निषाद, शालिक राम साहू, मिलउ राम निषाद, बीरबल साहू, कौशल साहू, सुंदर यादव एवं धरमु यादव उपस्थित थे।

## जैन महिला मंडल की नविता अध्यक्ष मनोनीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्थानीय जैन समाज महिला मंडल की बैठक आयोजित कर अध्यक्ष पद पर नविता जैन की नियुक्ति की गई। सामान्य चयन प्रक्रिया के अंतर्गत सामाजिक कार्य एवं सामाजिक गतिविधियों में हमेशा सक्रिय रहने वाली नविता जैन को जैन समाज महिला मंडल के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति से जैन समाज की महिलाओं में हर्ष का माहौल है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने नविता जैन की नियुक्ति पर महिलाओं की जागरूकता के साथ ही समाज के प्रति अच्छे एवं रचनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में महिला मंडल की भूमिका एवं सक्रियता महत्वपूर्ण रहती है। नविता जैन मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति की सदस्य भी है। समाज के बधाई संदेश में हर दिल की आवाज बनकर उभरे है। आप नेतृत्व की मिसाल बनकर निखरी है आप, अध्यक्ष नविता जैन को दिल से बधाई आपसे ही जुड़ी है। जैन महिला मंडल समाज और सबकी भलाई लिखकर शुभकामनाएं दी गई।



इसके साथ ही नविता जितेंद्र जैन को समाज के वरिष्ठ पदमचंद जैन, दिलीप जैन, नितिन जैन, मितेंद्र जैन, निखिल जैन एवं जैन समाज महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष सुमन जैन, पूर्व कोषाध्यक्ष ज्योति जैन, पूर्व सचिव डिंपल जैन, पूर्व उपाध्यक्ष शोभा जैन सहित समाज की वरिष्ठ मार्गदर्शक बीना जैन, आरती जैन, मीना जैन, नेहा जैन, दीप्ति जैन, मनोरमा जैन, श्वेता जैन, संगीता जैन, सीमा जैन, सारिका जैन, नीलू जैन, रचना जैन सहित समाज के पुरुष वर्ग व महिलाओं सहित वरिष्ठ सदस्यों ने बधाई दी।

## जनरल स्टोर्स में चाकू की बिक्री, कारोबारी गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने आर्मी सामान तथा जनरल स्टोर्स की आड़ में चाकू के अवैध कारोबार को अंजाम देने वाले एक दुकानदार के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आठ नग चाकू जब्त किए हैं। गिरफ्तार कारोबारी पश्चिम बंगाल से पार्सल के जरिए धारदार बटन वाले चाकू मंगवाकर बेच रहा था। पुलिस ने उक्त कार्रवाई मुखबिर की सूचना के आधार पर की।



पुलिस ने फाफाडीह स्थित जीपीएस जनरल स्टोर्स के संचालक हर्षिल जैन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी की सप्लाई चेन की जांच की जा रही है। जांच में खुलासा हुआ है कि हर्षिल ऑनलाइन निगरानी और कार्रवाई से बचने के लिए चाकू सीधे ऑनलाइन प्लेटफार्म से नहीं मंगवाता था। वह पश्चिम बंगाल की दुकानों से चाकू खरीदवाकर कुरियर के माध्यम से पार्सल में मंगवाता था। इन चाकुओं को अन्य सामान के बीच छिपाकर भेजा जाता था, ताकि किसी को उस पर संदेह न हो।

- गंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने जनरल स्टोर्स से आठ चाकू किए जब्त

**रिकार्ड के साथ लाइसेंस नहीं :** चाकू खरीदी-बिक्री से संबंधित दस्तावेज, बिल, स्टाक रजिस्टर या लाइसेंस मांगे जाने पर कारोबारी दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। साथ ही यह भी स्पष्ट नहीं किया कि ये चाकू किन लोगों को बेचे गए थे। पुलिस को आशंका है कि इन चाकुओं की सप्लाई असामाजिक तत्वों और अपराधियों को की जा रही थी।

## प्रभा कोशले बनीं प्रगतिशील सतनामी समाज महिला प्रकोष्ठ की जिला उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पूरे प्रदेश में संगठन विस्तार का कार्यक्रम के तहत बलौदाबाजार जिला में भी महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी का निर्वाचन मनोनयन महंत नैनदास महिलांग द स्मृति स्थल बलौदाबाजार में किया गया। जहां पर पलारी ब्लाक ग्राम तमोरी निवासी प्रभा कोशले एवं पूर्व पार्षद पुष्पा मोहन बंजारे को बलौदाबाजार प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महिला प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं पूर्व सरपंच रूखमणि तेरहवंश को जिला कोषाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ बनाएं गए। उक्त निर्वाचन मनोनयन प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, अंजू बरमल, विद्या भारती उपाध्यक्ष, सुनीता सोनवानी महासचिव महिला प्रकोष्ठ एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सरजू प्रसाद घृतलहरें, निर्वाचन अधिकारी युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश लहरे कार्यकारिणी संदेश सदस्य सत्येंद्र खूंटे, गणेश बघेल कार्यकारिणी सदस्य, जिला अध्यक्ष दीपक घृतलहरे, सचिव सुशील बंजारे एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी के उपस्थिति में तथा जिला के सभी ब्लाक पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया जिसमें महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष लता सोनवानी कसडोल, जिला उपाध्यक्ष पुष्पा बंजारे पलारी, उपाध्यक्ष प्रभा कोशले, कोषाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रूखमणि तेरहवंश पूर्व सरपंच, सचिव सूरजा चेलक को नियुक्त किया गया। पुष्पा बंजारे जिला महिला प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष बनाएं जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए हैं, जिसमें विजय कुमार कोसले, सुनील कुर्रे, सुखचरण भस्कर, हितेंद्र कोसले, मुकेश झा, संजू साहू, धनेश्वर साहू, महेश्वरी कुर्रे, भगवती टण्डन, पार्वती कोसले, लता आडिल, सुशीला बघेल, उषा सोनवानी, डॉ नीरू, उर्मिला मिरी, छन्नूलाल नवरंगे, लीला घृतलहरे, हरप्रसाद शामिल हैं।



### खरीफ पूर्व कृषि केंद्रों का निरीक्षण, अनियमितता पर दो केंद्रों को नोटिस

# समय पर किसानों को मिलेगा खाद और धान बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार खरीफ 2026 के पूर्व में ही जिले के किसानों को खाद, बीज एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा चौकसी बढ़ा दी है। इसी कड़ी में सोमवार को विकासखंडो में संचालित कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जिसमें दो फर्म को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

विकासखंड पलारी के निरीक्षक सुचिन कुमार वर्मा द्वारा साहू कृषि सेवा केंद्र, किसान सेवा केंद्र, सेठ हीरा लाल एंड संस, सोनी कृषि सेवा केंद्र एवं बघेल कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया। कृषि सेवा केंद्र पलारी में स्कंध पंजी का उचित संधारण नहीं किया गया था, इस कारण फर्म को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। विकासखंड बलौदा बाजार में उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक, उर्वरक निरीक्षक लोकनाथ दीवान एवं उर्वरक शाखा प्रभारी सिमांचल गौड़ के द्वारा नवीन ट्रेडर्स बलौदा बाजार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के द्वारा विक्रय केंद्र में कई प्रकार के अनियमित पाई गई जैसे की स्टेकिंग सही तरह से नहीं किया गया था, स्कंध पंजी का उचित संधारण नहीं किया गया था, अनुज्ञप्ति भी स्पष्ट दिखने वाले स्थान पर चस्पा नहीं किया गया था जिस कारण संबंधित फर्म को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही निरीक्षक द्वारा उर्वरक अधिकार पत्र निलंबन हेतु प्रस्ताव भेजा गया है, जिस पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। विकासखंड कसडोल के निरीक्षक धनेश्वर साय द्वारा आचार्य कृषि केंद्र, जोगी कृषि केंद्र एवं कुशवाहा कृषि केंद्र कसडोल का निरीक्षण किया गया। विकासखंड भाटापारा के उर्वरक निरीक्षक अवधेश उपाध्याय द्वारा सतगुरु ट्रेडर्स दतरेंगी, एवं जैन लोहाबाड़ा भाटापारा का निरीक्षण किया गया।

उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा जिले के समस्त निरीक्षकों को विकासखण्ड स्तर पर संचालित समस्त कृषि आदान विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण हेतु करने तथा अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है तथा किसान भाइयों से अपील किया गया है कि वह जो भी कृषि आदान खरीदे उसका विक्रय केंद्र से पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें तथा उर्वरक केवल पास मशीन से ही क्रय करें।



## पेज 9 के शेष

### प्रशासन की टीम ...

में सिमगा विकासखंड में भी बाल विवाह रोका गया जिसमें बालिका की आयु विवाह योग्य नहीं पायी गयी। दोनों पक्षों को कानूनी चेतावनी दी गई। परिजनों और बुजुर्गों की मौजूदगी में पंचनामा तैयार किया गया। इस कार्रवाई में संरक्षण अधिकारी दीपक राय, सामाजिक कार्यकर्ता शाहनवाज, आउटरीच कार्यकर्ता विवेक वैष्णव, अर्चना वैष्णव, काउंसलर यशपाल जांगडे सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### उपभोक्ता आयोग ने ...

एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि बीमा कंपनी द्वारा परिवादिनी को वाहन मरम्मत की क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय किये जाने किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया गया। परिवादिनी सर्वेयर द्वारा निर्धारित की गई क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने की अधिकारिणी है। बीमा कंपनी के उपेक्षा पूर्ण कृत्यों के कारण परिवादिनी को परेशान होकर उक्त परिवाद आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना पड़ा है।

विरोधी पक्षकार द ओरिएंटल इन्सुरेन्स कंपनी बलौदाबाजार को सेवा में कमी का दोषी मानते हुये बीमा कंपनी को सर्वेयर द्वारा आंकलित वाहन की मरम्मत राशि 255000, मानसिक एवं आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 25000 तथा बाद-व्यय हेतु 7000 रुपये परिवादिनी को आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर प्रदाय किये जाने का आदेश किया गया है।

## खबर संक्षेप

### 60 हजार का गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** परसकोल चौक पुलिया के पास बसना पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 60 हजार रुपए का गांजा बरामद किया गया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली की ग्राम परसकोल चौक पुलिया के पास ग्राम परसकोल का राजेश साहू अवैध मादक पदार्थ गांजा रख कर बिक्री करने ग्राहक की तलाश रहा है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.20 किलो गांजा कीमत 60000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### जिले में आज मनाया जाएगा चावल उत्सव

**महासमुंद।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों में प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल उत्सव का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा 07 अप्रैल को जिले की समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों को अनिवार्य रूप से खुला रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस दिन सभी दुकानों में उत्सव के रूप में खाद्यान्न वितरण किया जाएगा, जिससे हितग्राहियों को समय पर एवं सुगम रूप से राशन प्राप्त हो सके। कलेक्टर लंगेह ने चावल उत्सव के सुचारू संचालन के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों के लिए संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों तथा शहरी क्षेत्रों में संचालित दुकानों के लिए संबंधित वार्ड मोहर्रिरों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। चावल उत्सव के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, राशन कार्डधारी हितग्राही, निगरानी समिति के सदस्य, नोडल अधिकारी, मितानिन, स्वैच्छिक संगठनों के सदस्य सहित राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### थाने से फरार हुआ बालिका के अपहरण का आरोपी

**महासमुंद।** बालिका के अपहरण का आरोपी शौचालय जाने के बहाने पुलिस को चकमा देकर थाने से फरार हो गया। मामले की रिपोर्ट पर बलौदा थाने में जुर्म दर्ज कर संदेही की तलाश की जा रही है। बलौदा पुलिस ने बताया कि ग्राम किसड़ी से लापता एक बालिका के अपहरण मामले के आरोपी लखन उर्फ भोला कुमार को ग्राम बरडीह से गिरफ्तार कर 05 अप्रैल को चिकित्सकीय जांच के लिए सीएचसी सरायपाली लाया गया। जहां डॉक्टर ने संदेही का मुलाहिजा किया। इसके बाद उसे वापस थाना बलौदा लाया गया। जहां संदेही शौचालय गया।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ललिता श्रीवास पति राहुल श्रीवास उम्र 35 वर्ष निवासी-सिरपुर रोड बगदेवी पारा वार्ड नं. 15, थाना व तहसील कसडोल प.ह.नं. 09 जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) की ओर से यह आम सूचना प्रकाशित किया जा रहा है कि मौजा ग्राम कसडोल प.ह.नं. 09 रानिमं. कसडोल तहसील कसडोल व जिला बलौदाबाजार अंतर्गत भूमि खसरा नं. 981/6 रकबा 0.036 हे. मेरी पक्षकार ललिता श्रीवास की सास रेवती श्रीवास पति रामकुमार श्रीवास के नाम पर दर्ज है। रेवती श्रीवास के द्वारा माननीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 कसडोल जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) के समक्ष दावा वास्ते वाद स्थान से बेदखल कर रिक्त आधिपत्य प्राप्त करने हेतु एवं स्थायी निषेधाज्ञा बाबत व्यवहार वाद प्रस्तुत की है, जो लंबित है। उक्त भूमि को किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि द्वारा कय की जाती है तो अमान्य होगा एवं उसकी संपूर्ण जवाबदारी क्रेता-विक्रेता की होगी उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी।
सो सूचना जाने।
दिनांक-6/04/2026
स्थान - बिलासपुर छ.ग.
भवदीय
राजेन्द्र कुमार श्रीवास
अधिवक्ता
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9301057048

# गायत्री महायज्ञ में व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ग्राम सकलोर में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन हुआ। यह आयोजन पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण तथा जिला समन्वय केंद्र बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि यह अपनी तरह का अनूठा आयोजन था, जिसमें ग्राम सकलोर के 108 घरों में घर-घर जाकर हवन, पूजन एवं पाठ कराया गया। इस पहल ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया और इसे जन-जन के कल्याण से जोड़ दिया कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सकलोर की सरपंच ममता वेद प्रकाश वर्मा ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक बताया।

स्थानीय लोगों का मानना है कि ऐसे आयोजन से गाँव में सुख, शांति और समृद्धि का वातावरण मजबूत होता है। गायत्री परिवार के प्रतिनिधियों ने बताया कि महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य समाज में सद्बुद्धि का प्रसार करते हुए व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त करना है। शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित इस दिव्य महायज्ञ का समापन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ हुआ। ग्रामवासियों ने आयोजन की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की निरंतरता की कामना की।

**सकलोर में गायत्री महायज्ञ में गूंजे मंत्र**



**विशिष्ट अतिथियों का किया गया सम्मान**

उन्होंने कहा कि इस महायज्ञ से गांव में आध्यात्मिक जागृति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है, जो गांव के विकास के लिए नया अध्याय सिद्ध होगा। महायज्ञ में ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आहुतियां अर्पित कीं। साथ ही, कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों का गायत्री परिवार द्वारा सम्मान किया गया।

## आयोजन : कोसमकुंडा में भजन मेला पर निकाली गई कलश यात्रा

# रामनामी महासभा में राम-राम भजन की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



विधायक कविता प्राण लहरे के गृह ग्राम कोसमकुंडा में अखिल भारतीय रामनामी महासभा के तत्वावधान में आगामी वर्ष 2026-27 में प्रस्तावित विशाल भजन मेला के लिए शिलान्यास एवं भूमि पूजन हुआ। कार्यक्रम में विधायक कविता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। आयोजन की शुरुआत सैकड़ों महिलाओं की कलश रैली से हुई। पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर राम-राम, राम नाम भजनों के साथ गांव में शोभायात्रा निकाली। राम नाम के भजन और जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात विधायक कविता प्राण लहरे ने विधि-विधान से भूमि पूजन कर भजन मेला स्थल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संत-महात्माओं ने पूजा-अर्चना संपन्न कर आयोजन को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की।

विधायक श्रीमती लहरे ने कहा कि रामनामी समुदाय की परंपराएं भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण धरोहर हैं। ऐसे आयोजन समाज में एकता, भाईचारा और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। उन्होंने भजन मेला के सफल आयोजन हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

अखिल रामनामी महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित भजन मेला में देशभर से रामनामी समाज के अनुयायी, संत एवं भजन मंडलियां शामिल होंगी। आयोजन को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की जा रही है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, ग्रामीणजन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया।

# मधईपुर में टिशूकल्चर पौधों का निरीक्षण, किसानों की आय बढ़ाने की पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

मधईपुर स्थित गोल्डन ट्री एग्रोफॉरेस्ट प्राइवेट लिमिटेड में मंत्री रामविचार नेताम एवं रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने टिश्यूकल्चर तकनीक से तैयार पौधों का निरीक्षण किया। इस दौरान आधुनिक कृषि और वानिकी पद्धतियों की विस्तृत जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान कंपनी के प्रबंध निदेशक सागर गरचा ने बताया कि उनके संस्थान में केला, बांस और सागौन जैसे उच्च गुणवत्ता वाले पौधे अत्याधुनिक टिश्यूकल्चर विधि से तैयार किए जा रहे हैं। यह पूरी प्रक्रिया अनुभवी वैज्ञानिकों की देखरेख में की जाती है, जिससे पौधों की गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता बेहतर होती है।

उन्होंने बताया कि इन पौधों को किसान अपने खेतों की मेड़ पर लगाकर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं, जिससे उनकी आय में चार से पाँच गुना तक वृद्धि संभव है। यह पहल विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने इस तकनीक को किसान हितकारी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के उन्नत पौधों को अपनाकर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस नई तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग करें और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

**शादी के निमंत्रण को लेकर मारपीटः महासमुंद।** शादी के निमंत्रण को लेकर मारपीट के मामले में दो आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि गंगाधर यादव पिता बहादुर यादव (62 साल) निवासी ग्राम कोयलारीडीह 05 अप्रैल को गांव के नीलमणि पटेल के किराना दुकान गया था, इसी दौरान मोहर साय यादव, धोबीलाल यादव ने अपनी लड़की की शादी में घासीराम को क्यों निमंत्रण दिये हो कहते हुए गाली गलौज कर डंडे से मारपीट कर दी।

# ध्रुव की भक्ति देख भाव विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



यहां वर्मा परिवार में 3 अप्रैल से आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन कथा व्यास पं. गौरव जोशी नगोई बिलासपुर वाले ने ध्रुव चरित्र की भावपूर्ण कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि उत्तानपाद की दो पत्नियां थी सुनीति और सुरुचि। सुनीति के बेटे का नाम ध्रुव था और सुरुचि के बेटे का नाम उत्तम था। एक बार उत्तानपाद सिंहासन पर बैठे हुए थे। ध्रुव भी खेलते हुए राजमहल में पहुंच गए उस समय उनकी अवस्था 5 वर्ष की थी। उत्तम राजा उत्तानपाद की गोदी में बैठा हुआ था। ध्रुव राजा की गोदी में चढ़ने का प्रयास करने लगे। उन्होंने कहा कि सुरुचि को अपने सौभाग्य का इतना अभिमान था कि उसने ध्रुव को डांटा इस गोद में चढ़ने का तेरा अधिकार नहीं है। अगर इस गोद में चढ़ना है तो पहले भगवान का भजन करके इस शरीर का त्याग कर और फिर मेरे गर्भ से जन्म लेकर मेरा पुत्र बन तब तू इस गोद में बैठने का अधिकारी होगा। ध्रुव जी रोते हुए अपनी मां के पास आए मां को सारी व्यथा सुनाई।

■ पं. गौरव जोशी ने कहा - साध्य के लिए साधना है नितांत आवश्यक

सुनीति ने सुरुचि के लिए कटु शब्द नहीं बोले उसे लगा यदि मैं उसकी बुराई करूंगी तो ध्रुव के मन में हमेशा के लिए वैर भाव के संस्कार जग जाएंगे। सुनीति ने कहा ध्रुव तेरी विधाता ने जो कहा सही कहा है। बेटे यदि भिक्षा मांगनी है तो फिर भगवान से ही क्यों ना मांगी जाए। भगवान तुझ पर कृपा करेंगे तुझे प्रेम से बुलाएंगे गोद में भी बिठाएंगे। अब तुम वन में जाकर नारायण का भजन करो। कथा के तीसरे दिन राहीन बाई वर्मा, भोला वर्मा, हरिशंकर, उमाशंकर वर्मा लीलाधर, इंगेश्वर वर्मा, रोशम वर्मा, माधुरी वर्मा, कुसुमा वर्मा, कुसुम वर्मा, ईश्वरी वर्मा, लालचंद, भगवानी, हिरावन, तेजा, भागवत, मना पटेल, सहित आसपास के गांवो से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं।

**कथा में साधना का महत्व बताया**

कथा को आगे बढ़ते हुए पंडित गौरव जोशी ने कहा कि बालक ध्रुव मां का आदेश प्राप्त करके चल पड़े। जैसे ही चले भगवान के रास्ते पर नगर से बाहर निकलते ही उनको देवर्षि नारद मिल गए। देवर्षि से द्वारा दिए गए मंत्र ओम नमो भगवते वासुदेवाय का जप करते हुए 3 माह के घोर तपस्या के उपरांत जगत के पालनहार श्री हरि भगवान विष्णु ने उन्हें दर्शन दिए और अटल ध्रुव तारा बनने का वरदान दिया। कथा व्यास ने कहा कि साध्य के लिए साधना की नितांत आवश्यकता है। इसी तरह कथा वाचक ने भरत चरित्र और अजामिल कथा सुनाया।

# दिव्यांग श्यामसुंदर के जीवन को मिली गति, कलेक्टर

**बलौदाबाजार।** जिला प्रशासन द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प के साथ दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक मानवीय पहल की गई है। इसी कड़ी में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग श्यामसुंदर चंदेल को ट्राइसाइकिल प्रदान की।
ग्राम रसेड़ा निवासी 22 वर्षीय दिव्यांग युवक श्यामसुंदर जन्म से ही दाहिने हाथ और दाहिने पैर की दिव्यांगता से जूझ रहे थे, जिसके कारण उन्हें आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब



ट्राइसाइकिल मिल जाने से न केवल उनकी शारीरिक बाधाएं कम होंगी, बल्कि वे आत्मनिर्भरता की ओर भी कदम बढ़ा सकेंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शासन की प्रत्येक हितग्राही मूलक योजना का शत-प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियों तक सुगमता से पहुंचे। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के ऐसे सभी जरूरतमंद व्यक्तियों का चिन्हांकन कर उन्हें त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाए ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। नई ट्राइसाइकिल पाकर श्यामसुंदर और उनके परिवार ने शासन, प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे अपने भविष्य के लिए एक बड़ा सहारा बताया है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पांचवी-आठवी की परीक्षा समाप्त

**खरोरा।** रायपुर जिले में आयोजित पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षाएं सोमवार को संपन्न हुई, जिनमें विद्यार्थियों में उत्साह एवं अनुशासन देखने को मिला। परीक्षा के सफल संचालन हेतु संकुल प्राचार्य अशोक कुमार कोशले के मार्गदर्शन में संकुल समन्वयक कांत कुमार द्वारा समुचित व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की गई तथा पर्याप्त मात्रा में प्रश्न पत्रों का वितरण सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकगण हरीश प्रसाद साहू, दिनेश कुमार साहू सहित समस्त शिक्षकों ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं केंद्र अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में परीक्षा केंद्र पर सभी व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित रहीं और परीक्षा निर्विघ्न रूप से आयोजित की गई। अब विद्यार्थियों को अपने परीक्षा परिणाम का बेसब्री से इंतजार है।

### 8वीं कक्षा की संस्कृत परीक्षा हुई



**खरोरा।** जिला केंद्रीकृत उच्च प्राथमिक प्रमाण-पत्र परीक्षा 2026 के अंतर्गत केंद्र क्रमांक 832007, शासकीय शैक्षिक मंडल उच्च माध्यमिक विद्यालय खरोरा में कक्षा आठवीं विषय संस्कृत की परीक्षा हुई। परीक्षा में कुल दर्ज संख्या 120 रही, जिसमें से 119 विद्यार्थी उपस्थित हुए, जबकि 1 विद्यार्थी अनुपस्थित रहा। परीक्षा केंद्र का संचालन केंद्राध्यक्ष रमेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। सहायक केंद्राध्यक्ष के रूप में भारत लाल वर्मा एवं कंचन वर्मा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर एवं समस्त विद्यालय परिवार के सहयोग से परीक्षा सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान अनुशासन एवं व्यवस्थाएं संतोषजनक रहीं।

### सड़क किनारे खड़ी कार को इनोवा ने मारी टक्कर

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सड़क किनारे खड़ी एक कार को इनोवा कार ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वेंकटेश चंद्राकर पिता विनोद चंद्राकर ने बताया कि वह कार क्रमांक सीजी 04 एमएन 8888 से 05 अप्रैल को रात करीब 07.45 बजे बजे ग्राम खरोरा चाय दुकान गया था। उसने अपनी कार को रोड के किनारे खड़ी किया था। इसी दौरान महासमुंद की ओर से आ रही कार टोयोटा ईनोवा क्रमांक सीजी 04 डीसी 7861 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसके वाहन को पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे कार पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

**टैक्सी चाहिए**

बलौदाबाजार से सरसीवां में रात्रि कालीन पेपर पार्सल ले जाने हेतु टाटा एस, टाटा मैजिक, की आवश्यकता है।

इच्छुक व्यक्ति टैक्सी की संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।

समय : 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक

हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

**आयोजन :** स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री रामविचार नेताम और नवीन अग्रवाल

# सेवा ही संगठन और अंत्योदय पर आधारित है भाजपा की कार्यशैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



खरोरा मंडल के मधईपुर में भाजपा स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम एवं रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल विशेष शामिल हुए।

सभा में नवीन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा "अंत्योदय" और "सेवा ही संगठन" के सिद्धांतों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि आज पार्टी 46 वर्षों की सफल यात्रा पूरी कर चुकी है।

उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग के विकास के लिए कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना, किसानों के लिए धान खरीदी पर 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य सहित कई योजनाओं से आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है।

इस अवसर पर भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्याम नारंग, जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, जिला पंचायत सदस्य गुरु सौरभ साहेब, स्वाति वर्मा पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, अनिल वर्मा, नारायण ठाकुर, सुमित सेन, योगेश चंद्राकर, सुरेंद्र वर्मा, रानी साहू, शकुन्तला, सुनीता, योगेंद्र शायतोड़ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## आमाखोहा शक्ति केंद्र के सभी बूथों में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

**कसडोल/ सेल।** भाजपा मंडल कसडोल के आमाखोहा शक्ति केंद्र के ग्राम मोतीपुर, आमाखोहा, भंवरीद, खर्री तथा कुकरीकोना सहित 5 बूथों पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। सभी बूथों पर पार्टी का झंडा फहराया गया। उसके पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं को मिष्ठान वितरण भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं शक्ति केंद्र के प्रभारी सत्यनारायण पटेल ने कहा कि पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई, जिसके प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। लेकिन 1951 में जब हमारा दल जन संघ के रूप में स्थापना हुई तो उस समय हमारा दल तेजी से आगे बढ़ रहा था। हमारे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई और उसके बाद फिर हम एक बार खड़े हुए और जो हमारे दूसरे राष्ट्रीय अध्यक्ष थे उनकी भी रहस्यमय तरीके से हत्या कर दी जाती है। राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता लोकतंत्र सकारात्मक पंथ-निरपेक्षता गांधीवादी समाजवाद सामाजिक-आर्थिक विषयों पर गांधीवादी दृष्टिकोण द्वारा शोषण मुक्त समरस समाज की स्थापना) तथा मूल्य आधारित राजनीति। उक्त भाजपा स्थापना दिवस के कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता खम्भन वर्मा शक्ति केंद्र संयोजक पुसाऊ राम कैवर्त्य, रवि कैवर्त्य,



युवा मोर्चा पूर्णानंद साहू, बूथ अध्यक्ष हरिराम वर्मा, ओसालाल केवट, सुंदर चौहान, पूर्व सरपंच मोतीपुर होमेश कुमार वर्मा, कपूर सिंह कैवर्त्य, साहिल कैवर्त्य, शिवचरण साहू, उमेंद वर्मा, कमलेश यादव, हेमंत यादव, विनोद कुमार पैंकरा, राम गिलाश साहू, गणेश यादव, थानू वर्मा, पंचू पटेल, नारायण सिंह पैंकरा, सुनील केवट, किरित यादव, गोविंद वर्मा आदि भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## स्थापना दिवस पर भाजपा सदस्यों ने फहराया ध्वज

**सुहेला।** भाजपा मंडल सुहेला द्वारा पार्टी स्थापना दिवस ध्वज फहरा कर मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अदिति बघमार ने कहा हम एकात्म मानववाद के सिद्धांत को लेकर चले थे। आज राष्ट प्रथम की भावना को लेकर हम सब कार्य कर रहे हैं। जिला मंत्री शिव कटारिया ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने काफ़ी मेहनत से इस पार्टी को खड़ा किया है। हम दो सीटों से शुरू किए थे। आज कई




राज्यों में हमारी सरकार है। केंद्र में हमारी सरकार हैं, हम जनता के हित में कार्य कर रहे हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार ने आगामी कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए कहा कि 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ में स्थापना दिवस मनाना है। 7 अप्रैल से चलो अभियान के तहत वरिष्ठ कार्यकर्ता का सम्मान स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती प्रत्येक बूथ में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल करण वर्मा, युगल किशोर वर्मा, महामंत्री संतन बांधे, रामकुमार साहू, भागीरथी वर्मा, मानेश्वरी साहू, खोमलाल साहू, तिलक वर्मा, अजय वर्मा, आनंद साहू, मेघनाथ साहू, खोड़स वर्मा, दिलेश वर्मा, बालकरण ठाकुर, कुलदीपक वर्मा, श्रीराम वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल ने मनाया स्थापना दिवस



**कसडोल/सेल।** भाजपा मंडल कसडोल में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय कसडोल मंडल (दर्रा) में एकत्रित हुए। रामचंद्र ध्रुव जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा शीला वर्मा, अनील श्रीवास, राजू साहू, महामंत्री मंडल कसडोल पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष राजेश साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला साहू, पार्षद पुनेश्वरनाथ मिश्रा, पार्षद संतोष भारती युवा मोर्चा, जिला सह कोषाध्यक्ष गणेशशंकर साहू, युवा मोर्चा के साथी अजीत साहू, अभिजीत श्रीवास, राकेश यादव, रविकांत बंजारे उपस्थित थे। अतिथियों ने कहा यह दिवस हम सबको राष्ट्र सेवा समर्पण और विकास के संकल्प की याद दिलाता है।

## भाजपा सदस्यों ने राष्ट्र प्रथम और अंत्योदय' के संकल्प को दोहराया

**बलौदाबाजार।** भाजपा स्थापना दिवस पर बलौदाबाजार स्थित जिला कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संगठन के स्थापना दिवस को उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। भाजपा का झंडा फहराने के पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष आनंद यादव, विजय केशरवानी, टेसू लाल धुरंधर, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना राष्ट्र सेवा, सुशासन और अंत्योदय के संकल्प के साथ हुई है आज पार्टी लाखों कार्यकर्ताओं के समर्पण, त्याग और मेहनत के बल पर देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हुई है। वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। वरिष्ठ नेता टेसू लाल धुरंधर ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को संगठन के सिद्धांतों पर चलने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता कृष्णा सेन, कुंवर नामदेव, रमेश गुप्ता, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सुनीता वर्मा, शहर अध्यक्ष राकेश ध्रुव, धनंजय साहू, आलोक अग्रवाल, पुरुषोत्तम सोनी, महामंत्री महेंद्र साहू, हरीश चंद वर्मा, योगेश वर्मा, मणि कांत मिश्रा, पार्षद अमितेश नेताम, रवि यादव, तरुण वर्मा, मनीष कश्यप, सरिता मार्के, धनश्वरी वर्मा, नेतराम वर्मा, रीता केसरवानी, आदित्य बाजपेई, रजनी कश्यप आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



## बिनौरी में भाजपा ने स्थापना दिवस मनाया

**पलारी।** ग्राम बिनौरी भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पलारी सनकुमार साहू ने कहा भाजपा में पहले दो सांसद होते थे, आज पूरे भारत में कुछ जगह छोड़कर भाजपा सरकार चला रही है। भाजपा एक ऐसी पार्टी हैं एक छोटे से कार्यकर्ता देश के प्रधानमंत्री मंत्री बन सकता है, इसमें कार्यकर्ताओं को बहुत ही सम्मान मिलता है। भाजपा विश्व के सबसे बड़े पार्टी बनकर के उभरी है और कार्यकर्ता गांव-गांव में जाकर के अंतिम व्यक्ति को उसके विकास के बारे में सोचते और समझाते हैं। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल 1980 में भारतीय जनता पार्टी का उदय हुआ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व, अटल बिहारी वाजपेयी का कुशल नेतृत्व किया। वहीं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय का आदर्श को लेकर आज भाजपा हर राज्य में अंतिम व्यक्ति तक विकास सबका साथ सबका साथ मिलकर काम कर रही। इस अवसर पर पूर्व बूथ अध्यक्ष सुरेश वर्मा, रामभरोस धीवर, माखन सेन, डॉ, संदीप साहू, गोकुल यादव, संतोष कुमार साहू, नरेंद्र साहू, पुनीराम यादव, जगदीश धीवर, मिलउ वर्मा, चोटी यादव,राधा धीवर,रंगीला बंजारे, ज्योति बंजारे, ऊषा साहू, धनेश निराला, नारायण साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण, पार्टी की रीति नीति से हुए अवगत



**सिमगा।** भाजपा मंडल सिमगा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन स्थानीय सांस्कृतिक भवन में किया गया, जहां पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को मंडल के समस्त बूथों के ऊर्जावान, समर्पित, एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को पार्टी के रीति नीति से अवगत कराया गया। सर्वप्रथम प्रातः 10 बजे अतिथि अमित साहू जिला प्रभारी ने पार्टी का ध्वजारोहण कर विधिवत प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला हुई। राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा जिला प्रभारी अमित साहू एवं वरिष्ठ नेता योगेश चंद्राकर दुर्गा महेश्वर ने मार्ग दर्शन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ताकत उनके कार्यकर्ता ही हैं जिनकी एकता के बल पर यह पार्टी टिकी हुई है। और विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।

भाजपा केवल एक पार्टी ही नहीं वरन एक विचार धारा है, जहां राष्ट्र को सर्वोच्च मानकर कार्य



किया जाता है। भाजपा का उद्देश्य है कि सत्ता के माध्यम से कैसे राष्ट्र की सेवा कर सके। कार्यकर्ताओं को भाजपा की रीति नीति के साथ कार्यपद्धति इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेताओं को शाल श्रीफल भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया। वरिष्ठ नेताओं से हमें निरंतर ऊर्जा और दिशा मिलती रहती है। उनका आशीर्वाद हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी ने प्रशिक्षण सत्र में पधारे विभिन्न विषयों के सभी वक्तागणों एवं इस प्रशिक्षण महाभियान को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सभी ने यह सिद्ध कर दिया कि भाजपा का कार्यकर्ता केवल कार्यकर्ता नहीं, बल्कि संगठन की शक्ति और आत्मा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भाजपा नेता अनिल पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, टेसूलाल धुरंधर, केजूराम बघेल, नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, धीरज जैन, सूर्यकांत ताम्रकार, महामंत्री छोटू यादव, राहुल योगेश साहू, पार्षद सचिन जैन, मुकंद रजक, मनीषा, माया सलूजा, प्रियंका, अनूप तिवारी, टूबे देवांगन, रूझून सोनकर, अभिजीत अवस्थी, नीरज शर्मा, कमलेश साहू, रोहित साहू सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**7 अप्रैल को हर बूथ में स्थापना दिवस मनाने की तैयारी**

# हथबंद मंडल ने ध्वजारोहण कर मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद



भाजपा मंडल नवापारा हथबंद द्वारा पार्टी स्थापना दिवस पर ध्वज फहराकर महापुरुषों की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पार्टी के सिद्धांतों और राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ नेता मोहन धीगधे ने कहा कि पार्टी एकात्म मानववाद के सिद्धांत को लेकर आगे बढ़ी है और आज /"राष्ट्र प्रथम/" की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया।

जिला मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे महापुरुषों ने कठिन परिश्रम से इस पार्टी को खड़ा किया है। दो सीटों से शुरुआत करने वाली पार्टी आज कई राज्यों में सरकार बना चुकी है तथा केंद्र में भी सशक्त नेतृत्व के साथ जनता के हित में कार्य कर रही है।

भाजपा नेता करण वर्मा ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ में स्थापना दिवस मनाया जाएगा। 7 से 13 अप्रैल तक गांव बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान एवं स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

इस अवसर पर मंडल महामंत्री ईश्वरी मारकंडे, डोमार मारकंडे, लोक नाथ वर्मा, प्रेमलता वर्मा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष विद्या वर्मा, कल्याण ध्रुव, दिनेश चवरे, हरिश वैष्णव, घन्ना धनेश्वर निषाद, दिनेश वर्मा, मंत्री लिली वर्मा, खेमराज वर्मा, अन्नाद ध्रुव, रामकुमार साहू, केदार वर्मा, घूमी राम निषाद, परश राम वर्मा, मालिक वर्मा, राजेद नर्मलकर, कल्याणी सोनवानी, कन्हैया, कला वाती चतुर्वेदी, खोमलाल साहू, प्रकाश पाल, धनी राम रजक सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

